# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक– 761 /कु0स0का0/सि0वि0वि0/2026, दिनांक– 13–08–2026

**सेवा में,**

1. **अधिष्ठाता, छात्र कल्याण**
   **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।**
2. **प्राचार्य/प्राचार्या,**
   **समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
   **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।**

**विषय– तिरंगा यात्रा के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–5503/32–जी.एस./2025 दिनांक 13 अगस्त, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, (छाया प्रति संलग्न) जिसके द्वारा माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया जाना है।

उक्त के संदर्भ में प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियों तथा दैनिक प्रगति की सूचना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ई–मेल आई0डी0 registrar@suksn.edu.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे उक्त सूचना ससमय राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ प्रेषित किया जा सकें।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में संलग्न पत्र के अनुसार आपसे अपेक्षा है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम को गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक - यथोपरि।

13/08/26

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक– /तददिनांकित।

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, समस्त संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. कुलानुशासक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, प्रभारी एवं शिक्षकगण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. प्रभारी, एन0सी0सी0/एन0एस0एस0, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. वै0 सहायक, परीक्षा नियंत्रक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
7. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

ई—मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ—226027**

संख्याःई— 5503 / 32—जी.एस. / 2025

दिनांकः 13 अगस्त, 2026

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार आपको अवगत कराना है कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया जाना है।

2. यह आयोजन राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान में प्रतिदिन निरंतर 15 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इस यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु कृपया निम्नलिखित दिशा—निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें :—

2.1 विश्वविद्यालय / संस्थान परिसर तथा आसपास के निर्धारित क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रभात फेरी / तिरंगा यात्रा का आयोजन समयबद्ध तरीके से किया जाए।

2.2 इस 15 दिवसीय यात्रा में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. (NCC), एन.एस.एस. (NSS) एवं अधिकाधिक छात्र—छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

2.3 विश्वविद्यालय / संस्थान अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी अपने—अपने परिसरों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें।

2.4 यात्रा के समय प्रतिदिन देशभक्ति गीतों, स्लोगन लेखन, भाषण एवं स्वच्छता अभियानों जैसे प्रेरक कार्यक्रमों को भी जोड़ा जाए।

3. अतएव इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियो तथा दैनिक प्रगति की सूचना इस सचिवालय के ई—मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः आपसे अपेक्षा है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम को गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर करने का कष्ट करें।

भवदीय,

13/8/26

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )